समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# पंजाब बोर्ड ने जारी किया 10वीं क्लास का रिजल्ट, जाने कैसे देख सकते है नंतीजे।

Publisher

Published on 16 May 2025

Punjab School Education Board

## पंजाब बोर्ड ने दसवीं क्लास का रिजल्ट घोषित कर दिया है. स्टूडेट्ंस रिजल्ट को अब आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते है.

**पंजाब बोर्ड से दसवीं कक्षा की (Punjab Board 10th Class Result)**परीक्षा देने वाले लाखों छात्रों के इंतजार की घड़ी अब खत्म हो चुकी है. **पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (PSEB)** ने क्लास 10वीं का रिजल्ट 2025 घोषित कर दिया है. छात्र रिजल्ट को ऑफिशियल वेबसाइट **pseb.ac.in** पर जाकर देख सकते हैं. इसके लिए छात्रों को अपना रोल नंबर डालना होगा.

इस साल कुल 277746 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 265548 उम्मीदवार परीक्षा में पास हुए हैं. कुल पास प्रतिशत 95.61% रहा. लड़कियों का पास प्रतिशत 96.85% रहा है. लड़कों का पास प्रतिशत 94.50 फीसदी और ट्रांसजेंडर का पास प्रतिशत 50% है. शहरी क्षेत्र का पास प्रतिशत 94.71% रहा. जबकि ग्रामीण क्षेत्र का पास प्रतिशत 96.09% है.

### Punjab Board 10th Result 2025: ऐसे चेक करे रिजल्ट ऑनलाइन

1.सबसे पहले बोर्ड की वेबसाइट **pseb.ac.in** पर जाएं.
2.होमपेज पर “Class 10th Result 2025” लिंक पर क्लिक करें.
3.अब रोल नंबर डालें और सबमिट करें.
4.आपका रिजल्ट स्क्रीन पर दिखेगा.
5.चाहें तो इसे डाउनलोड करके प्रिंट भी निकाल सकते हैं.

### Punjab Board 10th Result 2025: इंटरनेट नहीं है ? तो SMS से देखे रिजल्ट

अगर रिजल्ट चेक करते समय इंटरनेट या वेबसाइट स्लो हो जाए, तो घबराने की जरूरत नहीं है. आप SMS के जरिए भी अपना रिजल्ट जान सकते हैं. इसके लिए मोबाइल में जाएं और ये मैसेज टाइप करें- PB10 (स्पेस) रोल नंबर उदाहरण: PB10 12345678. अब इसे 5676750 पर भेज दें. कुछ ही देर में आपके नंबर आपके मोबाइल पर आ जाएंगे. इस मैसेज का स्क्रीनशॉट जरूर सेव कर लें.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.